# वृद्ध महिला को लूटने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**सायला**, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा व जालोर वृताधिकारी गौतम जैन के सुपरविजन में थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह के निर्देशन में एएसआई राजाराम के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा ग्राम पोषाणा में गत 02 अप्रेल की रात्रि में वृद्ध महिला के साथ हुई लूट की वारदात का पर्दाफाश कर एक आरोपी को दस्तयाब किया गया।

पुलिस के अनुसा लूट की वारदात की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जालोर द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया गया व आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करने के लिए तुरन्त एम.ओ.बी. टीम को मौक पर बुलाकर घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण कर साक्ष्यों का संकलन किया गया। जिला साईबर टीम डीसीआरबी से तकनीकी सहयोग प्राप्त किया गया। साथ ही गांव पोषाणा, सियावट व आसपास आने जाने वाले रास्तो पर निगरानी रखते हुए उन रास्तो पर लगे हुए सभी सीसीटीवी कैमरो के फुटेज को गठित टीमो द्वारा देखना शुरू किया जाकर करीब 80 सीसीटीवी कैमरो को चैक किया गया।

अनुसंधान के दौरान व सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से संदिग्ध हरसनराम पुत्र दलाजी जाति मेघवाल उम्र 32 साल निवासी पोषाणा को दस्तियाब किया। जिसे पुछताछ के दौरान जुर्म कबुल करने पर गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान जारी है। पुलिस कार्यवाही टीम में थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह, एएसआई राजाराम, हेड कांस्टेबल भुराराम, कांस्टेबल घमूराम, अर्जुन कुमार, जगताराम, लक्ष्मणराम एवं तकनीकी टीम में कांस्टेबल पहाड़सिंह शामिल रहे।

पीड़िता चुन्नी देवी पत्नी प्रभुजी जाति राजपुरोहित उम्र 90 वर्ष निवासी पोषाणा ने पुलिस को पर्चा बयान में बताया कि उसके पति का आज से करीब 8 साल पहले स्वर्गवास हो चुका है तथा वह घर पर अकेली रहती है। उसके चार पुत्र है जो सभी देशावर रहते है। गत 2 अप्रेल की रात्रि को खाना खाकर सो गई थी। रात्रि करीब 100-11 बजे के बीच अज्ञात बदमाश ने घर में घुसकर उसके गले से 1.5 तोला सोने की चेन जबरदस्ती गले से तोड़कर ले ली तथा सिराणे मे रखे 15 हजार रुपये भी ले लिये। वृद्धा ने बीच बचाव का प्रयास किया तो अज्ञात बदमाश ने उसका गला पकड़ लिया, जिससे उसके गले पर खरौच आयी है। उसके बाद बदमाश वहां से भाग गया। वृद्धा के घर से बाहर आकर जोर जोर से आवाज लगाने पर पडोसी हरसन व जीताराम देवासी आये व उनके घर ले गये। सवेरे वृद्धा के परिवार वाले उसे अस्पताल लेकर गए। वहीं वारदात की सूचना पर पुलिस ने अस्पताल में वृद्धा के पर्चा बयान के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान शुरू किया।

## मंदिरों में हवन कार्यक्रम हुए

**पाली**, (नि.सं.)। चेत्रीय नवरात्रि के अंतर्गत ओम अष्टमी के अवसर पर शहर समेत जिले भर में देवी मंदिरों में हवन पूजा के कार्यक्रम आयोजित हुए।

इस अवसर पर पाली के इच्छापूर्ति माताजी मंदिर में सुबह पुजारी द्वारा यजमानों के साथ हवन कुंड में आहुतियां देकर हवन किया। इसी प्रकार सिंधी कॉलोनी स्थित देवी माता मंदिर में पुजारी दौलत तनवानी के सानिध्य में हवन पूजा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी प्रकार करणी माता मंदिर, सोमनाथ मंदिर स्थित पायल देवी, अंबे माता मंदिर में भी दर्शन करने श्रद्धालु पहुंचे। पाली शहर के आसपास गोदावास, पुनागर भाकरी, मानपुरा भाकरी, आशापुरा माता मंदिर नाडोल सहित देवी मंदिरों में को होमाष्टमी पर्व मनाया गया तथा कन्याओं को भोजन कराया गया।

# श्रीराम के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा आज निकलेगी

**जालोर**, (कासं)। विश्व हिन्दू परिषद से प्रेरित सनातन महोत्सव समिति जालोर की ओर से श्रीराम जन्मोत्सव पर विशेष झांकियों के साथ रविवार को शोभायात्रा भारत माता चौक, तिलक द्वार जालोर से प्रातः 8 बजे निकलेगी।

सनातन महोत्सव समिति के संयोजक अम्बालाल व्यास ने बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव पर ब्रहमलीन पीर शान्तिनाथ महाराज की असीम कृपा से एवं गंगानाथजी महाराज के शुभ आशीर्वाद एवं साधु-संतों के संरक्षण में विशेष झांकियों के साथ शोभायात्रा का प्रारम्भ रविवार को प्रातः 8 बजे भारत माता चौक, तिलक द्वार से भगवान श्रीराम की तस्वीर पर साधु संतो द्वारा दीप प्रज्जवलित कर होगा। शोभायात्रा में ऊंट, घोडे, ऊंट गाड़ी, नौबत बाजा, पंजाबी ढोल, नासिक ढोल, बैंड बाजा सहित विभिन्न प्रकार की विशेष झांकियों का समावेश होगा। शोभायात्रा में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा सुरक्षा की जिम्मेदारी के साथ अखाडे का प्रदर्शन किया जायेगा। शोभायात्रा का जगह-जगह पर व्यापारियों, विभिन्न समाजों, रामभक्तों, सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा, जलपान, शरबत, फल, फलाहार द्वारा स्वागत किया जायेगा।

वही शोभायात्रा जालोर शहर के भारतमाता चौक से प्रारम्भ होकर हरिदेव जोशी सर्किल, पंचायत समिति, भक्त प्रहलाद चौक, बडी पोल, घांचियों की पिलानी, सदर बाजार, माणक चौक, गांधी चौक, सूरजपोल, कालका कॉलोनी, जागनाथ महादेव गली, राजेन्द्र नगर, अस्पताल चौराया से होते हुये पुनः तिलक द्वार स्थित रामदेवजी मंदिर पहुंचेगी। जहां साधु संतो द्वारा भगवान श्रीराम की महाआरती कर प्रसादी वितरण के साथ सम्पन्न होगी।

वही शोभायात्रा को लेकर अन्तिम बैठक जलंधरनाथ धर्मशाला में शुक्रवार रात्रि 9 बजे आयोजित हुई। बैठक में शोभायात्रा के शुरुआत से लेकर अन्तिम स्थान पर पहुंचने तक की रूपरेखा बनाकर समिति सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारी दी गई। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों सहित कई धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### कानून व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। आगामी दिनों में जिले में त्योहारों एवं धार्मिक पर्वों पर कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्रवार मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट टीना डाबी ने आदेश जारी कर 06 अप्रैल को रामनवमी, 10 को महावीर जयंती, 11 को महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती, 14 को डॉ. अम्बेडकर जयंती, 18 को गुड़ फ्राईडे, 29 को परशुराम जयंती एवं 30 को अक्षय-तृतीया के धार्मिक पर्वो के आयोजन के मध्यनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 16 के तहत क्षेत्रवार मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है। जिला मजिस्ट्रेट की ओर से जारी आदेश के अनुसार उपखण्ड मजिस्ट्रेट बाडमेर को तहसील मुख्यालय बाड़मेर, उपखण्ड मजिस्ट्रेट शिव को तहसील क्षेत्र शिव, उपखण्ड मजिस्ट्रेट चौहटन को तहसील क्षेत्र चौहटन, उपखण्ड मजिस्ट्रेट गुड़ामालानी को तहसील क्षेत्र गुडामालानी, उपखण्ड मजिस्ट्रेट रामसर को तहसील क्षेत्र रामसर, उपखण्ड मजिस्ट्रेट सेड़वा को तहसील क्षेत्र सेड़वा, उपखण्ड मजिस्ट्रेट धोरीमन्ना को तहसील क्षेत्र धोरीमन्ना, उपखण्ड मजिस्ट्रेट गडरारोड़ को तहसील क्षेत्र गडरारोड़ के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी तरह तहसील बाडमेर, बाड़मेर ग्रामीण, शिव, चौहटन, गुड़ामालानी, रामसर, सेड़वा, धोरीमन्ना, गडरारोड, बाटाडू, नोखड़ा एवं धनाऊ के शेष क्षेत्र के लिए संबंधित तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेटों को मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इन मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए है कि वे इन पर्वो के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने की पालना सुनिश्चित करेंगे। संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट तथा तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

### शक्ति पीठों पर भीड़ उमड़ी

**पोकरण**, (निसं) पोकरण शहर के मां के दरबार में शनिवार सुबह से जयकारों की गूंज रही। दिन भर शक्ति पीठों पर भक्तों का तांता लगा रहा। पोकरण शहर के पीठ साधोलाई जया संचाय माता मंदिर में मां देवी कि आराध्ना कर दुर्गा सप्तशती के क्रमवार पाठ शतचंडी अनुष्ठान के अन्तर्गत नवरात्र अष्टमी के दिन शतचण्डी हवन का आयोजन किए गया। आचार्य मुकेश ओझा के सानिध्य में मुख्य यजमान आनंद भाई ने यज्ञ में आहुतियां दी।शाम को पूणाहुति के पश्चात महाआरती एवं प्रसाद वितरण किए गया। चार दिनों से चल रहे शतचंडी अनुष्ठान में आज पूर्णाहुति दी। पंडितो ने 121 दुर्गा सप्तशती के क्रमवार पाठ किये। त्रिकालदर्शी मधुसूदन छंगाणी के सानिध्य में चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर शत चंडी यज्ञ में पूर्णाहुति दी गई। शतचंडी यज्ञ के दौरान पण्डित रामवेशवर, शैलेश छंगाणी, ललीत बिस्सा, नवलकीशोर, महेश छंगाणी, नारायण व्यास ने दुर्गा सप्तशती के मंत्र उपचार के साथ यज्ञ में आहुतियां दिलवाई गई। यज्ञ के यजमान अशोक छंगाणी, जगदीश, यश, कैलाश, जगदीश सहित कई यजमानों ने यज्ञ में आहुतियां दी। पोकरण शहर के प्रमुख शक्तिपीठ मां आशापुरा के दरबार में पंडित गिरिराज पुरोहित के द्वारा यजुर्वेद के मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान देवकीनंदन बिस्सा , किशोर बिस्सा, भगवती लाल बिस्सा, केलाशचन्द पुरोहित, ज्योति पुरोहित, मनीष पुरोहित सहित कई यजमानों ने आहुति दी। घवज्जल माताजी के मन्दिर में यज्ञ में पूर्ण आहुति दी गई।

### चामुंडा मंदिर में हवन की पूर्णाहुति आज

**जोधपुर**, (का.सं.)। मेहरानगढ़ दुर्ग के चामुंडा माता मंदिर में चैत्र नवरात्र नवमी 6 अप्रैल को प्रातः 11:15 बजे पूर्व महाराजा गज सिंह व पूर्व महारानी हेमलता राज्ये जी हवन में पूर्णाहुति देगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराजा उम्मेद सिंह जी रिलिजियस ट्रस्ट के सचिव कल्याण सिंह राठौड़ ने बताया कि महाराज मेहरानगढ़ दुर्ग के चामुंडा माता मंदिर में अष्टमी की रात्रि को हवन प्रारंभ होगा, इस हवन की पूर्णाहुति रविवार को होगी। चामुंडा माता मंदिर के पास उपासनालय कक्ष में नौ वेदपाठी ब्राहमणो द्वारा शनिवार अष्टमी तक दुर्गा पाठ का वाचन किया गया । नवमी को 12:15 बजे महाराजा गज सिंह जी की तिलक आरती होगी व उसके बाद श्री थापना जी का उथापना का मुहूर्त है । मेहरानगढ़ के चामुंडा माता मंदिर में नवरात्र के दौरान हजारों दर्शनार्थियों ने दर्शन किए। मेहरानगढ़ दुर्ग प्रबंधन व जिला पुलिस प्रशासन के सहयोग से दर्शनों की व्यवस्था अच्छी बनी रही सभी तरह की व्यवस्थाएं प्रबंधन द्वारा की गई इसके कारण माताजी के दर्शन आराम से किए जा सके।

### विद्यालय में कन्याओं का पूजन किया

**पाली**, (नि.सं.)। आज शनिवार को कृष्णा विधा मंदिर व राइट चॉइस पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौराणिक काल से ही कन्या पूजन का विधान है। इसी परम्परा के तहत नवरात्रि में कन्या पूजन का महत्व को समझते हुए विधालय की कन्याओं को पैर धोकर पूजा कर प्रसादी वितरण की गई। डायरेक्टर जयशंकर त्रिवेदी ने बताया कि वर्तमान समय में कन्याओ को देवी का रूप मानकर पूजा अर्चना की गई। आज प्रत्येक अभिभावक अपनी बच्चियों को शिक्षा दीक्षा देकर पैरों पर खड़ा करना चाहता है ताकि परिवार रूपी गाड़ी आराम से चल सके। पौराणिक काल से ही नारी जाति के कई उदाहरण है,जो समाज को दिशा दिखाकर आगे बढ़ाया गार्गी,मैत्रयी, रानी लक्ष्मीबाई, जीजाबाई,अरूणदती , सरोजनी नायडू आदि बहुत सी नारी शक्ति के उदाहरण है। वर्तमान में सुनीता विलियम्स, इंद्रा गांधी ,वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, सुषमा स्वराज आदि कई विदुषी महिला शक्ति हुईं हैं, जो पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है। कार्यक्रम में जयेश, विष्णु, आशीष, विनीता, गायत्री, वर्षा, कशिश,सुनिता,पूजा,जोनिका,डाली आदि का सहयोग रहा।

### अहिल्याबाई पर नाट्य प्रस्तुति आज

**जालोर**, (कासं)।अखिल भारतीय साहित्य परिषद व संस्कार भारती के तत्वावधान में आयोजित लोक माता अहिल्या बाई पर नाट्य प्रस्तुति 6 अप्रैल को वीरम मंच जालोर पर की जाएगी। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के उपाध्यक्ष परमानंद भटट ने बताया कि अहिल्या बाई होल्कर सामान्य परिवार से निकलकर महारानी के पद पर विराजमान हुई । आज से तीन सौ साल पहले विदेशी आक्रमणकारियों और मुगल साम्राज्य के कारण ध्वस्त हो चुके भारत के तमाम तीर्थस्थलों का पुनर्निर्माण करवाया और उसके पीछे उनका उद्देश्य मात्र पुण्य लाभ प्राप्त करना नहीं अपितु भारत की अस्मिता की पुर्नस्थापना करना था। यह एक ऐतिहासिक नाटक है, जिसे लिखा उमेश चौरसिया ने और निर्देशन स्वाति अरू-अजय ने किया है। संस्कार भारती के प्रांतीय अध्यक्ष जितेंद्र जालौरी व परमानंद भट्ट उपाध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने बताया कि यह कार्यक्रम उस वीरांगना की विरासत को घर घर पहुँचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है । इस समारोह में मुख्य अतिथि जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार होंगे व अध्यक्षता अरुण कुमार शर्मा करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित , राजेश कुमार जिला प्रमुख व ललित रांकावत अध्यक्ष नगर पालिका तखतगढ होंगे।

## तनोट माता मंदिर में पूजा-अर्चना एवं हवन हुआ

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। नवरात्र के पावन पर्व के पर आज विक्रम कुंवर, उपमहानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल, मुकेश पंवार समादेष्टा 122वीं वाहिनी, तथा नंदिश कुमार, समादेष्टा 126वीं वाहिनी ने तनोट राय माता मंदिर में पूजा-अर्चना एवं हवन में भाग लिया।

गौरतलब है कि तनोट माता मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से पूजनीय है, बल्कि भारतीय सैन्य इतिहास में भी इसका विशेष स्थान रहा है।

इस अवसर पर उप महानिरीक्षक ने मंदिर प्रांगण में उपस्थित जवानों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद के माध्यम से सौहार्द्र, विश्वास एवं सहयोग की भावना को और अधिक सशक्त किया। मंदिर परिसर में भंडारे एवं शीतल शर्बत की व्यवस्था की गई, जिसमें महिला कार्मिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जानकारी के अनुसार इस आयोजन का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों से नागरिकों के पलायन को रोकना तथा उनके हृदय में सुरक्षा, विश्वास और अपनापन की भावना को प्रबल करना है।

समस्त आयोजन के पश्चात उप महानिरीक्षक ने तनोट माता का आशीर्वाद लिया।

उन्होंने बीएसएफ एवं समस्त सशस्त्र बलों की सुख-समृद्धि एवं सुरक्षा के लिए देवी मां से प्रार्थना की।

# रामनवमी की शोभायात्रा का निमंत्रण दिया

**पाली**, (नि.सं.)। रामनवमी के अवसर पर रविवार प्रातः 9 बजे रघुनाथ जी के मंदिर से विराट शोभायात्रा निकलेगी ।

शोभायात्रा से 1 दिन पूर्व समिति के सदस्यों के द्वारा रामनवमी शोभायात्रा मार्ग में ढोल थाली के साथ मार्ग में आने वाले समस्त घरों व व्यापारिक बन्धुओ को निमंत्रण पत्र के साथ पिले चावल देकर शोभायात्रा का आमंत्रण दिया व ज्यादा से ज्यादा सख्या में शोभायात्रा में पधारने का निमंत्रण दिया ।

रामनवमी शोभायात्रा में प्रभु श्री राम की जीवनी, सनातन धर्म,हिन्दू देवीदेवता की जीवनी, सामाजिक समरसता, शिक्षा, स्वच्छता, देशहित सम्बंधित झांकियां समाज के द्वारा प्रस्ततु की जाएगी

शोभायात्रा मार्ग में समाज, संगठन, सामाजिक संगठन के द्वारा शोभायात्रा का स्वागत करने हेतु सभी समाजबंधु भी तैयारी में जुटे है। शोभायात्रा रघुनाथ जी मंदिर पानी दरवाजा से प्रारंभ होकर चेतना होटल पल्लीवालों का बास, गणेश चौक बादशाह झंडा, सराफा बाजार, उदयपुरिया बाजार,गोल निमबड़ा, गुलजारा चौक, राणा प्रताप चौक, पुरानी सब्जी मंडी, धान मंडी,पटवा बाजार, फतेहपुरिया बाजार होते हुए पुनः रघुनाथ जी मंदिर पहुंचकर समापन होगी ।

शोभायात्रा की तैयारी में परमेश्वर जोशी, किशन प्रजापत,अनिल चौहान, भिमराज चौधरी, नरेंद्र माछर,बाबूलाल कुमावत, प्रवीण सीरवी, रंगलाल जाट, रामसुख पायक, आनन्द स्वरूप गुप्ता,सुरेश सराफ, नीलम बंसल, विजयराज सोनी,,प्रवीण उपाध्याय, हरीश पांडे, केलाश कुमावत, गौरव शर्मा, प्रवीण सोनी,कुशल शर्मा, रविन्द्र चौहान, श्रवण भिलवारा, हरीश सोनी, राहुल बंजारा, हेमंत तनवानी, दीपक सोनी, राकेश कुमावत,विक्रम चौहान, अशोक बंजारा, केलाश जीनगर, गोविंद मेगवाल, देवकिशन देवड़ा, रमेश थावानी, मनीष पटेल, कमलेश जावा, बाबूदास वैष्णव, नंदू अरोड़ा, प्रमोद गोस्वामी, जय अरोड़ा, प्रताप सिंह, दिनेश बंजारा सहित कार्यकर्ता लगे हैं।

वहीं प्रशासन के द्वारा अभी तक शोभायात्रा मार्ग में पेचवर्क नही किया गया। पूरे रास्ते मे खड्डे पड़े है।

## शिक्षिका व्यास से सागवान का मंदिर भेंट किया

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर पामेरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे पदस्थापित शिक्षिका विमला व्यास ने व्याख्याता जयप्रकाश नागर की प्रेरणा से विद्यालय को 11000/-की लागत से सागवान की लकडी का मंदिर बनवाकर भेंट किया, जिसके स्टेण्ड लगा हुआ है जो विद्यालय के किसी भी कार्यक्रम मे उपयोग मे आ सकेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय मीडिया प्रभारी जगदीश धारावत ने बताया कि इससे पहले भी शिक्षिका व्यास ने अपनी माताजी की स्मृति मे 70,000/-की लागत लगाकर विद्यालय मे मंच का निर्माण करवाकर भेंट किया।

शिक्षिका व्यास ने मिड -डे - मिल मे दो बार कृष्ण-भोग का भी आयोजन करवाया। इस पुनीत काय्र के लिए विद्यालय परिवार ने शिक्षिका व्यास का आभार जताया।

# सांचौर-चितलवाना क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**जालोर**, (कासं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर राजस्थान के विशेष उडन दस्ता क्रमांक 35 ने सांचौर एवं चितलवाना क्षेत्र के नेहड एवं सीमांत क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण एवं अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के विशेष उडन दस्ते के संयोजक जबर सिंह देवडा के नेतृत्व में सदस्य कपूर सिंह राजपुरोहित एवं अंबिका प्रसाद तिवारी ने झाब, गुडा हेमा,देवडा, आकोली, खिरोडी, रणोदर,केरिया, हाडेचा, डबाल, पलादर, प्रतापपुरा एवम सांचोर शहर के परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक 2025 की संचालित परीक्षाओं का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड के निर्देशानुसार रिकॉर्ड का संधारण करने, मिश्रित अनुपातिक बैठक व्यवस्था करने, संबंधित विषय की परीक्षा में स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषयों का ध्यान रखते हुए वीक्षकों को लगाने का विशेष रूप से ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्रश्न पत्र को खोलने ,उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल को पैक करके, संग्रहण केंद्र पर भिजवाने सहित सभी कार्यों में पारदर्शिता रखने की भी बात कही। विशेष उडन दस्ता 35 ने नोडल केंद्र केरिया एवं संग्रहण केंद्र सांचौर का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया।

## मंगला पशु बीमा योजना में 64 हजार पशु चयनित

**बालोतरा**,(नि.सं.)। पशुपालकों को पशुधन हानि से सुरक्षा देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रदेश में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना शुरू की गई।

योजना में जन आधार कार्ड धारक पशुपालक पात्र होंगे। पशुपालकों का चयन लॉटरी से किया गया।

पशुपालन उपनिदेशक डॉ. मदन गिरी ने बताया कि बालोतरा जिले में 14,199 गाय, 4,000 भैंस, 37,453 बकरी, 8,400 भेड़ व 159 ऊंट सहित कुल 64,211 पशुओं का लॉटरी से चयन किया।

बीमा पॉलिसी जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना में गोपाल क्रेडिट कार्ड धारक व लखपति दीदी पशुपालकों को प्राथमिकता दी है। अनुसूचित जाति के लिए 16 व जनजाति के लिए 12 प्रतिशत आरक्षण रखा है। बीमा के लिए पशुओं की टैगिंग जरूरी है।


-: नोटिस हर आम व खास :-

न्यायालय पारिवारीक न्यायालय, जालोर (राज.)

बईजलाज - हारुन खान आर.एच. जे.एच

पारिवारी प्रकरण सं 26/2025

प्रार्थीगण बनाम अप्रार्थीगण

कांतिलाल वगैरह हर आम व खास

जरिये नोटिस हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी प्रकाश भट्ट पुत्र धर्माशकर निवासी आकोली तहसील व जिला जालोर ने कांतिलाल पुत्र धर्माशंकर निवासी आकोली का संरक्षक घोषित करने व संरक्षक प्रमाण पत्र जारी करने हेतु इस न्यायालय में धारा 7 व 10 संरक्षक एवं प्रतिपालय अधिनियम 1890 के तहत आवेदन पेश कर निवेदन किया है कि प्रार्थी प्रकाश भट्ट को कांतिलाल का संरक्षक नियुक्त कर उसके पक्ष में संरक्षक प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन पेश किया है । अतः हर आम व खास को आप्पति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 19.05.2025 तक अपना उजर या ऐतराज हो तो असालतन / वकालतन न्यायालय हाजा में आगामी पेशी तारीख 19.05.2025 तक पेश करें, अन्यथा नियमानुसार आदेश पारित किया जायेंगा ।

मोहर वरिष्ठ मुसरिम

पारिवारिक न्यायालय, जालोर ( राज. )


# सफाई व पर्यावरण संरक्षण में सहयोगी बनें : दिलावर

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। पंचायतीराज एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को बाड़मेर पंचायत समिति की बाड़मेर गादान ग्राम पंचायत के नवनिर्मित भवन के उदघाटन के अवसर पर कहा कि नवीन ग्राम पंचायत में भवन का निर्माण होने से स्थानीय क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिलेगा। सरकारी बजट का सदुपयोग करते हुए सफाई अभियान के साथ पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

पंचायतीराज एवं शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि बाड़मेर जिला पूरे देश में अपनी प्रसिद्धि के साथ विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। अब बाड़मेर पानी की समस्या कम होने के साथ आर्थिक लिहाज से उन्नयन हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए तत्पर है। इसके लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया है। सबके चेहरों पर मुस्कान रहें, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों के हितार्थ कार्य कर रहे है। पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि अब गौवंश से खेती करने पर राज्य सरकार की ओर से 30 हजार रूपए प्रति वर्ष अनुदान दिया जाएगा। इससे गौवंश संरक्षण के साथ जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा 3 बीधा भूमि वाले किसान भी तारबंदी योजना का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही है। चारागाह विकास के लिए 150 बीज बैंक बनाए गए है। उन्होंने सफाई अभियान के लिए उपलब्ध कराई जा रही राशि का उपयोग सफाई कार्यों में करने की जरूरत जताते हुए कहा कि इसको बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है। संबंधित कार्मिकों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उनसे राशि की वसूली की जाएगी। पंचायतीराज मंत्री ने आमजन से पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने का आहवान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अधिकाधिक पौधारोपण के साथ इनकी पेड़ बनने तक देखभाल भी करें। उन्होंने कहा कि इस बार 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा जलग्रहण विभाग का जल स्तर बढ़ाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने प्रदेश में शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों से अवगत कराते हुए नवनिर्मित भवन निर्माण के लिए बधाई दी। इस दौरान बाड़मेर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी ने कहा कि हम सबको मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से 5 हजार गांवों को बीपीएल श्रेणी से ऊपर लाते हुए उनके आर्थिक उन्नयन के साथ विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। विधायक चौधरी ने बाड़मेर जिले में बालिका शिक्षा के लिए कुछ गांवों में सीनियर सैकंडरी विद्यालय क्रमोन्नत करने के बारे में अवगत कराया। पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी ने कहा कि विकसित एवं विश्व गुरू भारत के निर्माण में राजस्थान भी अपनी भूमिका निभाने में पीछे नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि महापुरूषों के सपनों को साकार करें। उन्होंने सीमांत क्षेत्र के लिए वेद विद्यालय की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर का आभार जताया।

चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का बाड़मेर जिले के विकास के लिए आभार जताते हुए कहा कि इससे बाड़मेर प्रगतिशील जिलों में शामिल होगा। उन्होंने उदघाटन समारोह में जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कार्मिकों तथा आमजन की भागीदारी के लिए आभार जताया। इस दौरान पंचायतीराज एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने फीता काटकर बाड़मेर गादान ग्राम पंचायत भवन का विधिवत उदघाटन किया।

उद्घाटन समारोह में चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, बाड़मेर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी, पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, जिला कलक्टर टीना डाबी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत, उपखंड अधिकारी वीरमाराम, समाजसेवी अनंतराम विश्नोई, स्वरूपसिंह खारा, सरपंच श्रीमती मीरो देवी, रमेशसिंह इंदा, तहसीलदार हुकमीचंद, विकास अधिकारी प्रदीप इनाणियां, उप सरपंच मोतीराम, रतनलाल बोहरा, चंपतसिंह भंवरिया, गोरधनसिंह, ललित बोथरा, मानाराम, देवीलाल कुमावत, पवन गिरी समेत विभिन्न जन प्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश मेघवाल ने किया।

पंचायतीराज मंत्री दिलावर ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उनके पिता खाद-बीज खरीदने के लिए मां के गहने गिरवी रखते थे, तब जाकर खाद-बीज का इंतजाम होता था। अब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 12 हजार रुपए मिलने से लघु एवं सीमांत किसानों को खाद-बीज के लिए बड़ी राहत मिल रही है।

### 'पिछले 5 वर्षों की राशि वसूलेंगे'

बाड़मेर गादान ग्राम पंचायत भवन के उद्घाटन के दौरान पंचायतीराज मंत्री दिलावर ने कहा कि कई पंचायतों में सफाई नहीं हो रही है। उन्होंने सरपंच, प्रधान, ग्राम विकास अधिकारियों समेत अन्य कार्मिकों को हिदायत दी कि अगर व्यवस्थाएं नहीं सुधरी तो पिछले 5 वर्षों में बजट के दुरुपयोग की जांच होगी और वसूली की जाएगी। उन्होंने कहा कि सफाई कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अगर सफाई के बजट का दुरुपयोग जारी रहा तो अधिकारी और जनप्रतिनिधि निलंबित या बर्खास्त होंगे।

**सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : दिलावर**

पंचायतीराज एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को बाड़मेर प्रवास के दौरान उडंखा एवं राणीगांव ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान कहा कि। ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था सुधारें। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक ग्राम पंचायत में सफाई के लिए एक लाख रूपए उपलब्ध कराए जाते है।

## पाली ब्लॉक कांग्रेस की बैठक

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पाली विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी हिमपाल सिंह देवल के मुख्य आतिथ्य एवं ब्लॉक अध्यक्ष जीवराज बोराणा की अध्यक्षता में पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक कांग्रेस भवन में आयोजित हुई। विधायक भीमराज भाटी ने भी बूथ इकाइयों के गठन सहित संगठनात्मक मजबूती की बात कही।

बैठक में कार्यकताओं को पार्टी की पूंजी बताते हुए बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने पर चच्चा हुई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजीज दर्द ने कार्यकर्ताओ को एक जूट होकर पार्टी को मजबूत बनाने की बात कही।


कार्यालय ग्राम पंचायत बागरा पंचायत समिति, जालोर

क्रमांक/ग्रापंबा/2025/42 दिनांक: 05/04/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26

ग्राम पंचायत बागरा मे लिए वित्तीय वर्ष 2025